सं. जेड-28016/97/2016-एसएसएच
भारत सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
पीएमएसएसवाई प्रभाग

निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011

दिनांक: 15 दिसम्बर, 2016

विज्ञापन: पीएमएसएसवाई परियोजना हेतु प्रधान परामर्शदाता (इंजीनियरिंग) की नियुक्ति

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) की विभिन्न गतिविधियों से संबद्ध कार्यात्मक आवश्यकताओं और उपयुक्तता के आधार पर प्रारंभ में 11 महीने की अवधि, जिसे बढ़ाया जा सकता है, के लिए संविदा आधार पर नीचे दिए गए ब्यौरे के अनुसार प्रधान परामर्शदाता (इंजीनियरिंग) की सेवाएं लेना चाहता है।

i) पदनाम - प्रधान परामर्शदाता (इंजीनियरिंग)

ii) रिक्तियों की सख्या- 1(एक)

iii) योग्यता- मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा आईआईटी या एनआईटी से सिविल इंजीनियरिंग में बी.ई. या बी.टेक/संबंधित इंजीनियरिंग क्षेत्र या निर्माण प्रबंधन में एम.ई./एम.टेक को अतिरिक्त लाभ दिया जाएगा।

iv) न्यूनतम अनुभव- 25 वर्ष। बड़े आकार/बहुमंजिला भवन या अस्पताल अथवा अन्य स्वास्थ्य परिचर्या परियोजनाओं हेतु इंजीनियरिंग कार्यों की योजना बनाने, निविदा आमंत्रित करने, निष्पादन और संविदा प्रबंधन में संगत अनुभव हो। केन्द्रीय सरकार की सिविल निर्माण परियोजनाओं को चलाने का अनुभव तथा निर्माण परियोजनाओं के संबंध में सीपीडब्लूडी/सरकारी प्रक्रिया की जानकारी रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

उम्मीदवार ने कम से कम दो वर्ष की अवधि के लिए मुख्य इंजीनियर या इससे ऊपर के रैंक में सीपीडब्लूडी या अन्य किसी केन्द्रीय/राज्य सरकार संगठन में कार्य किया हो।

V) कार्य की जिम्मेदारियां

(क) मंत्रालय में प्राप्त योजनाओं की अवधारणा विस्तृत परियोजना रिपोर्टों/ अनुमानों की जांच/समीक्षा करना तथा सलाह के अनुसार आवश्यक सुझाव देना/ सिफारिशें करना।

(ख) इंजीनियरिंग कार्यों हेतु निविदा दस्तावेजों की जांच/समीक्षा करना तथा परामर्श देना।

(ग) पीएमएसएसवाई/स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की परियोजनाओं में इंजीनियरिंग कार्यों के कार्यान्वयन के दौरान आने वाली तकनीकी समस्याओं की जांच करना/परामर्श देना।

(घ) विनिर्देशों के मूल्यांकन तथा गुणवत्ता आश्वासन में परामर्श देना तथा सहयोग प्रदान करना।

(च) संभावित समस्या वाले क्षेत्रों, विलम्ब के संभावित कारणों की पहचान करना तथा निवारण एवं प्रशासनिक कार्रवाई करने का सुझाव देना तथा सलाह देना।

(छ) अन्य परामर्शदाताओं और/अथवा प्रभाग की इकाइयों के समन्वय से कार्य करना।

(ज) समय-समय पर दिया गया कोई भी कार्य।

Vi) आयु की सीमा- 65 वर्ष की आयु तक के व्यक्ति, जिसमें केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/सशस्त्र बल/सीपीडब्लूडी/सीपीएसयू से सेवानिवृत्त व्यक्ति, जो पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करते हों, भी आवेदन कर सकते हैं।

Vii) पारिश्रमिक- प्रतिमाह 1,00,000/(एक लाख रूपए) समेकित पारिश्रमिक। नियुक्त परामर्शदाता के पारिश्रमिक को एक वर्ष के बाद मंत्रालय की मौजूदा नीतियों के अनुसार बढ़ाया जाएगा।

Viii) संविदा की आरम्भिक अवधि - 11 माह - इस अवधि को व्यक्ति के कार्य-निष्पादन तथा मंत्रालय के विवेक पर परियोजना की आवश्यकता के आधार पर घटाया या बढ़ाया जाएगा।

उपर्युक्त आवश्यकताओं को पूरा करने वाले उम्मीदवारों से अपना आवेदन इस विज्ञापन को जारी करने की तारीख से 30 दिनों के अन्दर अपने विस्तृत जीवन-वृत्त एवं प्रत्यय-पत्रों की प्रतियों सहित नीचे दिए गए प्रप्रत्र के अनुसार कमरा सं. 112-डी, निर्माण भवन, नई दिल्ली-110001 में व्यक्तिगत रूप से या पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से भेजने का अनुरोध किया जाता है।

(विनोद कुमार)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 23061213

आवेदन का प्रपत्र

क) पद, जिसके लिए आवेदन किया है:

ख) नाम:

ग) डाक पता:

घ) मोबाइल नंबर:

ङ) ई-मेल आईडी:

च) विस्तृत योग्यता। विस्तृत जीवन-वृत्त संलग्न करें।

छ) अनुभव (कालक्रमानुसार): विस्तृत जीवन-वृत्त संलग्न करें।

ज) फोटो: पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो चिपकाएं।

झ) वर्तमान/पूर्व नियोक्ता से सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र। यदि पीपीओ उपलब्ध है, तो प्रति संलग्न करें।

ञ) घोषणा: मैं एतद्वारा यह घोषणा करता हूं कि आवेदन में मेरे द्वारा भरी गई जानकारी सत्य एवं सही है तथा इसमें कुछ भी छिपाया नहीं गया है। मैं नियुक्ति प्रस्ताव के दो सप्ताह के अन्दर कार्यभार ग्रहण करने का इच्छुक हूं।

ट) हस्ताक्षर

ठ) तारीख:

ड) स्थान: